(13) आई०टी० मैनेजर.

बिहार सरकार
पथ निर्माण विभाग

अधिसूचना

अधि०सं०–निग / सारा–04 (पथ) आरोप–12 / 2026 2679(S) / पटना, दिनांक 13/4/26

माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग द्वारा दिनांक–03.04.2026 को पथ प्रमंडल, अररिया अंतर्गत जयनगर से घुरना–भाया–नरपतगंज पथ के निर्माण हेतु कार्यारंभ किये जाने का आयोजन किया गया था, जिसमें अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन) एवं श्री विजय कुमार यादव, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, फारबिसगंज, पथ प्रमंडल, अररिया उपस्थित थे। अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन) द्वारा विषयगत पथ के प्राक्कलन के संबंध में श्री यादव, सहायक अभियंता से कुछ बिन्दुओं पर पृच्छा की गयी। तत्पश्चात् श्री यादव द्वारा अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन) के साथ अभद्रतापूर्ण गैर जिम्मेदराना रवैया अपनाते हुए प्राक्कलन के संबंध में किसी भी तरह का संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। उक्त कृत्य श्री यादव की कार्य के प्रति लापरवाही / उदासीनता, उच्चाधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार एवं गैर जिम्मेदार रवैया का द्योतक है।

2. अतः श्री विजय कुमार यादव, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, फारबिसगंज, पथ प्रमंडल, अररिया को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9 (1)(क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्री यादव का मुख्यालय अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय निर्धारित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि के दौरान श्री यादव को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–10 के अध्याधीन शर्त्तों के तहत् अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ करने हेतु नियमानुसार अलग से आरोप पत्र निर्गत की जायेगी।

6. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह० / –
सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग / सारा–04 (पथ) आरोप–12 / 2026 / पटना, दिनांक..........................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी (वि०वै०दा०नि०को०), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक :– निग/सारा–04 (पथ) आरोप–12/2026 /पटना, दिनांक..........................

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को हार्ड कॉपी एवं सी०डी० के साथ बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित (द्वारा– आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना)।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग/सारा–04 (पथ) आरोप–12/2026 /पटना, दिनांक..........................

प्रतिलिपिः– सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव/सचिव, भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (मु०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पूर्णियाँ/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया/अवर सचिव (निगरानी), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव, मुख्यालय/लेखा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–1/2/3/6/13/14 एवं 30 (लेखा शाखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं **श्री विजय कुमार यादव, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, फारबिसगंज, पथ प्रमंडल, अररिया** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग/सारा–04 (पथ) आरोप–12/2026 /पटना, दिनांक..........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्र०को०), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– निग/सारा–04 (पथ) आरोप–12/2026 2680(४) **/पटना, दिनांक** 13/4/26

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय web-site पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

13.4.2026

सरकार के अवर सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।